राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

संख्या–42/2026

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने पर्यटन विभाग के कार्यों की जानकारी प्राप्त की

पटना 30 मार्च, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन, पटना में पर्यटन विभाग के सचिव से विभाग से संबंधित परियोजनाओं एवं कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा महत्वपूर्ण निदेश दिये। राज्यपाल ने कहा कि बिहार में पर्यटन की असीम संभावनाएँ हैं और इन्हें राज्य से बाहर प्रसारित करने की आवश्यकता है।

बैठक में पर्यटन विभाग के सचिव ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बिहार के पर्यटन परिपथ, राज्य में आनेवाले पर्यटकों की संख्या, महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल, विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास की योजनाओं आदि के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ० रॉबर्ट एल० चोंग्थू, पर्यटन विभाग के सचिव डॉ० नीलेश रामचन्द्र देवरे, पर्यटन विभाग व राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

……………………………………….